<u>प्रेस विज्ञप्ति</u>

इरेडा खेल दिवस के अवसर पर कर्मचारियों द्वारा ऊर्जावान प्रतिभागिता दर्ज की गई





नोएडा, 17 जनवरी 2026

भारतीय अक्षय ऊर्जा विकास एजेंसी लिमिटेड (इरेडा) द्वारा आज फॉर्च्यून वर्ल्ड स्कूल, नोएडा में खेल दिवस समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें सभी कर्मचारियों हेतु बैडमिंटन, टेबल टेनिस एवं शतरंज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में सभी विभाग के कर्मचारियों द्वारा उत्साहपूर्ण भागीदारी दर्ज की गई। जिससे टीम भावना, फिटनेस एवं सौहार्द को बढ़ावा मिला।

अत: श्री प्रदीप कुमार दास, अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक, डॉ. बिजय कुमार मोहंती, निदेशक (वित्त) और श्री अजय कुमार साहनी, मुख्य सतर्कता अधिकारी ने इस अवसर पर उपस्थित होकर समारोह की शोभा बढ़ाई और प्रतिभागियों को अपनी उपस्थिति से प्रेरित किया। इसके साथ ही साथ उनके द्वारा खेल में प्रतिभागिता करके कर्मचारियों को प्रेरित किया गया।



इरेडा के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक महोदय ने स्वस्थ कार्य-जीवन शैली के संतुलन को बनाए रखने के महत्व पर प्रकाश डाला और कहा कि खेल संगठन के भीतर अनुशासन, टीम वर्क एवं आपसी सम्मान बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

कार्यक्रम का समापन पुरस्कार वितरण समारोह के साथ हुआ, जहां वरिष्ठ अधिकारियों ने विजेताओं को सम्मानित किया।

बहू-खेल टूर्नामेंट ने कार्य से परे जुड़ाव के लिए एक जीवंत मंच प्रदान किया एवं एक प्रेरित और सहयोगी कार्यबल को बढ़ावा देने के लिए इरेडा की प्रतिबद्धता को सुदृढ़ किया।